विचारार्थ विषय
वरिष्ठ परामर्शदाता- जन स्वास्थ्य (एनसीडी- सीपीएचसी सॉफ्टवेयर)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उक्त पद के लिए विचारार्थ मुद्दे निम्नानुसार हैः-

1. **भूमिका एवं उत्तरदायित्व**

(i) राज्य स्तरीय अधिकारीगण, प्रौद्योगिकी साझेदार तथा अन्य पणधारक के साथ संपर्क।

(ii) आंकड़ों में त्रुटियों में संशोधन करने के लिए राज्यों के साथ अनियमितताओं के लिए आंकड़ों की जांच करना तता अनुवर्ती कार्रवाई करना।

(iii) अपेक्षानुसार रिपोर्टों/डैशबोर्डों/स्कोर कार्डों के लिए संकेतक/टैम्पलेट्स विकसित करना।

(iv) पणधारकों को उपलब्ध कराने के लिए सांख्यिकीय उपकरणों का उपयोग करते हुए आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर रिपोर्टें समेकित करना।

(v) मौजूदा अनुप्रयोगों में संशोधन करने के लिए अंतीर की पहचान करना तथा उपाय सुझाना।

(vi) राज्य स्तरीय अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन करना।

(vii) डॉटा रिपोर्टिंग के विभिन्न पहलुओं, रिपोर्टों तथा आंकड़ों के उपयोग के आधार पर राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देना।

(viii) राज्य स्तर पर कार्यकलापों की समीक्षा करना।

(ix) राज्य स्तर पर तथा आवश्यकतानुसार संचालककर्ता अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम कार्यान्वयन की निगरानी करना।

(x) सॉफ्टवेयर संबंधित कार्यकलापों पर कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना में आदान उपलब्ध कराना।

(xi) मासिक, तिमाही तथा वार्षिक रिपोर्टें तैयार करना।

(xii) परामर्शदाता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कार्य करेंगे तथा उनका कार्यस्थल नई दिल्ली होगा। उन्हें देश के भीतर यात्रा करने की भी अपेक्षा हो सकती है।

(xiii) वे समय-समय पर सौंपे जाने वाला कोई भी कार्य निष्पादित करेंगे।

(xiv) कार्यक्रम संबंधित कार्यकलापों के लिए संयुक्त सचिव (एनसीडी)/सलाहकार (एनसीडी)/निदेशक (एनसीडी)/अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की सहायता करना।

2. **अर्हता एवं अनुभवः**

अनिवार्य:

एमबीबीएसतथासार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर अर्हता तथा सार्वजिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में 3 वर्ष से सेअधिक कार्य का अनुभव

अथवा

सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ नॉन एमबीबीएस (परंतु सामाजिक विज्ञान/परा चिकित्सा में उपयुक्त डिग्री बीडीएस/बीएएमएस/एमएसडब्ल्यू/मास्टर्स के साथ) के साथ योग्यता तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में 5 वर्ष से अधिक कार्य का अनुभव।

वांछनीयः

स्वास्थ्य परिचर्या के लिए सॉफ्टवेयर पर कार्य करने का अनुभव।

3. आयु सीमाः 42 वर्ष तक/62 वर्ष (आवेदन करने की अंतिम तारीख को) की आयु तक सेवानिवृत्त सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारी आवेदन के पात्र हैं।

4.पारिश्रमिकः 90,000 रु. से 1,30,000 रु./ प्रतिमाह (समायोजित)

5. रिपोर्टिंग अधिकारीः निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

6. तैनाती का स्थानः नई दिल्ली।

टिप्पणीः

i. अभ्यर्थी को डाटा एकत्रण, बेसिक विश्लेषण, इंटरनेट उपयोग तथा प्रस्तुतिकरण के लिए वर्डस प्रोसेसिंग वर्कशीट्स में कम्प्यूटर के उपयोग से अवगत होना चाहिए।

ii. अभ्यर्थी को निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए व्यापक रूप से दौरा करने होंगे।

iii. आयु सीमा का आंकलन आवेदन प्राप्त होनी की अंतिम तिथि के अनुसार होगा।

iv. कार्यकालः पद पर नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष, जिसे प्राथमिकता और पारस्परिक रूप से सहमति हुए नियमों और शर्तों के अनुसार योजना के नियमं तथा दिशानिर्देशों के अनुसार बढाया जा सकता है।

v. योग्यता और अनुभव के आधार पर पारितोषिक का श्रेणी सीमा निर्धारित की जाएगी।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **1-Nov-2018** तक ncd.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।